सार-समाचार

## चुनरी महोत्सव मनाया



**गंगापुर सिटी, (निसं)।** इंदरगढ़ बिजासन सेवा समिति की 27वीं बसयात्रा का आयोजन शनिवार को किया गया। इस यात्रा में जयपुर, मंडावरी, हिंडौन, करौली, गुडगांव, सपोटरा और गंगापुर सिटी क्षेत्र के सैकडों श्रद्धालु शामिल हुए। इंदरगढ भवन में रविवार को चुनरी महोत्सव मनाया गया। इससे पूर्व रात्रि में माता इंदरगढ देवी का दरबार सजाया गया। मनोज शर्मा एंड म्यूजिकल ग्रुप ने भजनों की प्रस्तुति दी। जागरण सुबह 4ः3० बजे तक चला, जिसमें श्रद्धालुओं ने भजनों पर नृत्य किया। रविवार को देवी चरण, अशोक करौली, पूर्व नगर पालिका चेयरमैन सुरेश सिंघल सहित सैकडों महिला-पुरुष और बच्चे माता रानी की ध्वजा लेकर निकले। भक्तों ने ढोल-नगाडों और जयकारों के साथ 1०8 मीटर लंबी चुनरी माता के भवन तक पहुंचाई। समिति महामंत्री वेद प्रकाश मंगल के अनुसार प्रत्येक माह इंदरगढ माता की यात्रा आयोजित की जाती है। हर तीसरे माह चुनरी महोत्सव का विशेष आयोजन होता है। उन्होंने बताया कि गंगापुर सिटी के भक्तों द्वारा माता रानी भवन के पास धर्मशाला का निर्माण कार्य चल रहा है। कार्यक्रम में कन्याओं को भोजन कराया गया और दोपहर में आयोजित भंडारे में सैकडों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। भक्तों ने माता के दर्शन कर परिवार और देश की खुशहाली की कामना की।

## चयन ट्रायल 13 मई को

**भरतपुर, (निसं)।** राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में मई माह के अंतिम सप्ताह में जयपुर में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए भरतपुर जिले की टीम बनाने हेतु एक दिवसीय चयन ट्रायल 13 मई मंगलवार को सुबह 7 बजे से सेंट्रल एकेडमी स्कूल कैंपस सेवर मथुरा बाईपास रोड पर रखी गई है। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुधन तिवारी ने बताया कि पहले यह ट्रायल 11 मई को रखी गई थी परंतु अधिक वारिश हो जाने कारण 11 मई की स्थगित कर दी गयी थी परंतु अब टूर्नामेंट बहुत नजदीक होने के कारण यह ट्रायल अब 13 मई को रखी गई है तिवारी ने यह भी बताया कि खिलाड़ियों के दस्तावेजों का बायोमेट्रिक तरीके से सत्यापन किया जाएगा एव जो भी खिलाड़ी सत्यापन के दौरान फर्जी पाये जाएंगे उन सभी खिलाड़ियों पर जिला क्रिकेट संघ सख्त कार्रवाई करेगा ट्रायल देने वाले इच्छुक खिलाड़ी अपने साथ जन्म प्रमाणपत्र (डिजिटल वाला) मूल निवास प्रमाण पत्र (डिजिटल वाला) आधार कार्ड तथा 10 वी की मार्कशीट एवं माता-पिता का आधार कार्ड व वोटर आईडी कार्ड आदि साथ लेकर आएं एवं खिलाड़ियों की आधार हिस्ट्री अपडेट भी चौक की जाएगी तथा ये सभी दस्तावेज ओरिजिनल होने चाहिए एवं खिलाड़ी अपनी पहनने वाली सफ़ेद किट एवं क्रिकेट खेलने का सामान भी साथ लेकर आवे सचिव ने यह भी बताया कि इस चयन ट्रायल के बाद भरतपुर जिले की 16 सदस्यीय टीम का चयन किया जाएगा।

## भागवत कथा संपन्न, भंडारा आज

**करौली, (निसं)।** करौली जिला मुख्यालय पर गत 4 मई से चल रही श्रीमद्भागवत कथा का समापन हो गया है। आज सोमवार को यादव वाटी गोशाला वजीरपुर गेट बाहर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें 60 हजार श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी।संत गोमती दास मेमोरियल संस्थान के अध्यक्ष पुरूषोत्तम शर्मा ने बताया कि शहर कि यादव वाटी गो'ााला मे गत 4 मई से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन चल रहा था जो रविवार को यंज्ञ मे आहुती देने के बाद संपन्न हो गया उन्होने बताया कि आज सोमवार को यादव वाटी गो'ााला मे होने वाले भंडारे की तैयारियों में दर्जनों हलवाई लगे हुए हैं। प्रसादी के लिए 70 क्विंटल गेहूं का आटा, 150 पीपा घी और 70 क्विंटल गुड़ का प्रबंध किया गया है। इसके अलावा 70 क्विंटल कद्दू, 8 क्विंटल कच्चा आम और करीब 70 हजार दोना-पत्तल रखे गए हैं। प्रसादी बनाने के लिए 12 से अधिक भट्टियां लगाई गई हैं। श्री गोमती दास मेमोरियल की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 121 भागवत कथाएं हुईं। संत गोमती दास मंदिर और यादव वाटी गोशाला में 120 मूल पाठ और एक मुख्य प्रवचन कथा का आयोजन किया गया। रविवार को गोमती दास मंदिर में हवन यज्ञ भी हुआ। आयोजक मंडल ने क्षेत्र के सभी लोगों को भंडारे में आने का निमंत्रण दिया है। उनका प्रयास है कि कोई भी श्रद्धालु बिना प्रसादी के न लौटे।भंडारे कि तैयारियो को लेकर संस्थान के उपाध्यक्ष सीताराम शर्मा,मंत्री जगदी'ा तिवाडी,उपमंत्री रमे'ाचन्द गोयल,कोषाअध्यक्ष कैला'ा चन्द गुप्ता, सदस्य गोविन्द गुप्ता,पूरण चन्द शुक्ला,कैला'ा चन्द शर्मा, ब्राह्मनंद गुप्ता सहित समिति के पदाधिकारी,सदस्य जुटे हुए है।

# शोभायात्रा में गूंजे भगवान परशुराम के जयकारे

**सपोटरा/करौली, (निसं)।** सपोटरा उपखण्ड मुख्यालय पर रविवार को ब्राह्मण समाज की भगवान परशुराम जयंती को लेकर विशाल शोभायात्रा कस्बे के सीताराम मन्दिर से लेकर पुराना बाजार होते हुए कुण्डी वाले हनुमान मन्दिर से गणेश ब्राह्मण धर्मशाला तक निकाली गई।

शोभायात्रा के दौरान ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम व महादेव की सजीव झांकी सजाई गई। जहां पर कस्बे सर्व समाज के लोगो ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वही ब्राह्मण समाज के लोगो ने शोभायात्रा के दौरान सजीव झांकी पर द्वीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। विशाल शोभायात्रा मे पैदल चल रहे ब्राह्मण समाज की महिलाओं व पुरूषों के लिए जगह जगह पर जलपान की व्यवस्था कस्बे के लोगो के द्वारा की गई। शोभायात्रा में तहसील स्तरीय विप्र समाज के सैकडों लोगो ने भाग लिया। उपखण्ड मुख्यालय पर तहसील स्तरीय ब्राह्मण समाज के लोगो के द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान भगवान परशुराम व महादेव की सजीव झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। भगवान परशुराम के हाथ पर फरसा व धनुष लेकर विराजमान थे। वही महादेव के हाथ मे त्रिशूल था। सजीव झांकी को लेकर के लोगो ने पुष्प वर्षा की। शोभायात्रा के दौरान ब्राह्मण समाज की महिलाओा व पुरूषो ने डीजे की धुन पर भजनों पर जमकर नृत्य किया। शोभायात्रा से कस्बे का माहौल धर्ममय हो गया। वही लोगो ने हाथों पर पताका लेकर भगवान परशुराम व श्रीराम के जयकारों के साथ सपोटरा कस्बा गुंजयमान हो गया। शोभायात्रा के दौरान ब्राह्मण समाज का आपसी भाईचारा देखने को मिला। जहां पर लोगो ने एक दूसरे को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को लेकर बधाई भी दी। समाज के लोगो ने शोभायात्रा मे सम्मलित होने आए सभी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। वही युवाओं ने शोभायात्रा के दौरान जमकर आतिशबाजी की। वही शोभायात्रा के दौरान सहायक उपनिरीक्षक हरकेश के नेतृत्व मे पुलिस बल तैनात रहा। जहां पर पुलिस प्रशासन ने शोभायात्रा के दौरान कानून व्यवस्था को संभाला। शोभायात्रा के उपरान्त गणेश ब्राह्मण धर्मशाला परिसर मे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय की अध्यक्षता व तहसील अध्यक्ष प्रियवृत गुरू के आतिथ्य मे विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां पर उन्होने कहा कि समाज से राजनीति नही बल्कि राजनीति मे समाज का वर्चस्व रखने की आवश्यकता है। उन्होने समाज मे व्याप्त कुरूतियों को त्यागकर समाज के विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम मे राजेश सलेमपुर ने युवाओं को रोजगार से जोडने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण समाज के महेश इनायती, महावीर कुसमावतिया, दिनेश वैद्य आदि ने समाज सुधार को लेकर संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान पीयूष गौत्तम ने मंच संचालन किया। वही अध्यक्ष प्रियवृत गुरू ने विप्र समाज के लोगो व कार्यक्रम मे पहुचे अतिथियों का माला व साफा बंधन करवाकर स्वागत किया। इस अवसर पर गोठरा, बापौती, बाजना, हाडौती, चैडागांव, इनायती, कल्यापुरा, अमरगढ, करौली,कुडगांव, सलेमपुर आदि सहित आसपास के गांवो के ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

# ताइक्वांडो खेल ही नहीं सुरक्षा कवच भी : अनीता जाटव

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** शहर के बयाना रोड स्थित निर्मल कॉलेज कैंपस पर करौली ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में चौथी जय केला मां ओपन स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप का रविवार को आयोजन किया गया।

आयोजित प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक अनीता जाटव ने खेल को शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण

■ **प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 213 खिलाड़ियों ने भाग लिया**



जय केला मां ओपन स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन हुआ।

बताते हुए कहा कि ताइक्वांडो केवल खेल ही नही सुरक्षा का कवच भी है जो विशेष कर बालिकाओं व महिलाओं के लिए आत्मरक्षा की तकनीक के रूप कारगर है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित निर्मल एजुकेशन ग्रुप के निदेशक मनीष चौधरी ने भी खिलाडियों को संबोधित करते हुए अपने खेल कौशल के दम पर जीत हासिल करने और देश और प्रदेश का नाम रोशन करने की अपील की। इसी दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही निर्मल ठ्ुप की असिस्टेंट डायरेक्टर सुलोचना सिंह ने भी सभी खिलाड़ियों को जीत की अठिाम बधाई देते हुए निर्णायकों से इस प्रतियोगिता को निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने की अपील की।

साथ ही उन्होंने प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाले खिलाड़ियों से आने वाली राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं को अपना लक्ष्य बनाने की अपील की। इस दौरान विशिष्ट स्थिति के रूप में शारीरिक शिक्षा के उप जिला शिक्षा अधिकारी मानसिंह मीणा, राजस्थान ओलंपिक संघ एवं राजस्थान हॉकी के अध्यक्ष अरुण सारस्वत जिला सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष देवी सहाय शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता आयोजन सचिव एवं करौली ताइक्वांडो के सचिव रामबृज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित हो रही प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 213 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की सफल आयोजन के लिए ऑफिशल के रूप में इंटरनेशनल रेफरी भानु प्रताप सिंह सहित हेमंत कुमार, सुरेंद्र सिंह, विपिन पाल, सुमित,खुशी, अर्जुन, अंजना, लायन, गिरीश,रितु, समीर, धीरज आदि को नियुक्त किया गया। जिन्होंने निष्पक्ष निर्णय देकर प्रतियोगिता को निर्विवाद रूप से सम्पन्न कराया। इस दौरान स्थानीय निर्णायक के रूप में शैलेश शर्मा, रवि चौधरी, सुनील बेनीवाल, पाल सिंह, नरेंद्र सिंह, गब्बर सिंह, दिनेश सिंह, महेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक सम्पन्न

**भरतपुर, (निस)।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक जवाहर नगर स्थित समिधा कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के प्रान्तीय सह संगठन मंत्री घनश्याम के मार्गदर्शन में जिले में व्याप्त उपभोक्ता समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रान्तीय रोजगार आयाम प्रमुख रितेश ने कहा कि हर व्यक्ति ग्राहक है और संगठन का

■ **बैठक में आमजन के हितों पर हुआ मंथन**



भरतपुर में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक सम्पन्न हुई।

उद्देश्य उन्हें जागरूक कर उनके अधिकारों की रक्षा करना है।

जिला महिला आयाम प्रमुख हेमलता ने मातृशक्ति की भागीदारी बढ़ाने और जागरूकता फैलाने पर बल दिया। एडवोकेट शुभनेश ने पेट्रोल पंप, होटल, अस्पताल आदि स्थानों पर हो रही अनियमितताओं पर कार्यवाही की मांग की। शहर अध्यक्ष विपुल शर्मा ने हर माह दो समीक्षा बैठकें आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जिसमें अगली बैठक 25 मई को तिलक नगर में जिलाध्यक्ष बाबूलाल कटारा के निवास पर होगी।सह सचिव कुशलपाल सिंह ने संगठन की गति बढ़ाने हेतु सदस्यता अभियान तेज करने की बात कही। बैठक में जिलाध्यक्ष बाबूलाल कटारा, फ्यूचर पॉइंट एकेडमी के निदेशक पवन, व्यवसायी सुरेश शर्मा सहित कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## श्यामलाल मीणा बने अध्यक्ष

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** विजयलक्ष्मी ऑडिटोरियम में क्षेत्रीय विकास मंच की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। गवर्नमेंट कॉलेज से रिटायर्ड प्रिंसिपल श्यामलाल मीणा को अध्यक्ष चुना गया। डॉ. सीताराम गुप्ता को महामंत्री बनाया गया। कार्यकारिणी में सूरज प्रसाद गर्ग को उपाध्यक्ष, घनश्याम मेठी को कोषाध्यक्ष, चोखेलाल वर्मा को संगठन मंत्री और राजेंद्र शर्मा को विधि सलाहकार नियुक्त किया गया। मंच के संरक्षक प्रहलादलाल गुप्ता और ईश्वरलाल शर्मा ने रेलवे परियोजनाओं और गंगापुर सिटी के विकास में मंच की भूमिका पर प्रकाश डाला। नवनियुक्त अध्यक्ष श्यामलाल मीणा ने समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। संस्थापक संयोजक डॉ. हेमंत शर्मा ने बताया कि मंच में सभी सामाजिक और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। बैठक में डॉ. जुगल किशोर तलवार, प्रो. मटरूमल मीणा, लख्खी शाक्यवार आदि मौजूद रहे।

## मदर्स डे मनाया

**भरतपुर, (निसं)।** बाबा सुठीव विद्यापीठ में मदर्स डे मनाया गया विद्यालय की प्रिंसिपल डॉक्टर रंजना तिवारी ने मदर्स डे की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से कहा की मां का तो हर दिन होता है,परंतु मदर्सडे एक विशेष दिन बन गया है जब हम अपनी मदर को हैप्पी मदर्सडे कहकर औपचारिकता निभा रहे हैं, जबकि मां का तो संपूर्ण जीवन अपनी संतान को और अपने परिवार को समर्पित रहता है उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आज मदर्स डे पर अपनी माताजी की एक अच्छी आदत को ग्रहण करने का संकल्प लें। विद्यार्थियों ने भी अपनी मां के बारे में बहुत ही भावुक तरीके से उनकी जिम्मेदारियां एवं कठिन परिश्रम के बारे में बताया विद्यार्थियों का कहना था कि उनकी मां उनके लिए सब कुछ कर सकती हैं अगर वह कुछ गलती करते हैं तो पापा तो डांट देते हैं लेकिन मां प्यार से उन्हें गलती करने से रोकती है।

# नीटू सिंह धाबाई बने स्कूल शिक्षा परिवार के ब्लॉक अध्यक्ष

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** उदेई मोड स्थित एक गार्डन में रविवार को स्कूल शिक्षा परिवार ब्लॉक की बैठक आयोजित की गई। निर्वाचन अधिकारी समर्थ उपाध्याय, अजय सिन्हा और राजेश शर्मा की देखरेख में सर्वसम्मति से नीटू सिंह धाबाई को अध्यक्ष चुना गया।

जिलाध्यक्ष अनुज शर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीटूसिंह को 7 दिन के भीतर कार्यकारिणी गठित करने और जिला कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बैठक में निजी स्कूलों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। स्कूल संचालकों ने आरटीई के बकाया भुगतान को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा भुगतान न करने से उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। जिला प्रवक्ता गोविंद पाराशर के अनुसार आमसभा में जिलाध्यक्ष अनुज शर्मा, जिला प्रभारी राजेश शर्मा, जिला महामंत्री महेंद्र जैन समेत कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे। इनमें अजय सिंहा, राजेश दुबे, जिला कोषाध्यक्ष विष्णु गुप्ता, अवधेश जैमिनी, राजकुमार मिश्रा आदि मौजूद थे।



नव निर्वाचित अध्यक्ष का अभिनंदन करते स्कूल शिक्षा परिवार सदस्य।

# सिंगीपाड़ा बस्ती में अहिल्याबाई होल्कर संस्कारशाला का उद्घाटन

**भरतपुर, (निसं)।** विश्व हिन्दू परिषद सेवा विभाग द्वारा सिंगीपाड़ा बस्ती सेवर में अहिल्याबाई होल्कर संस्कारशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बस्ती की महिला, पुरूष एवं बच्चों द्वारा भाग लिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आदर्श विद्या मंदिर समिति भरतपुर जिले के व्यवस्थापक मल्लसिंह ने बस्तियों में सेवा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि नर सेवा नारायण सेवा के भाव को लेकर करने वाली सेवा ही सच्ची मानवता की सेवा है। सेवा तन, मन, धन में से किसी भी प्रकार से हो सकती है। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए विहिप के प्रांत सेवा प्रमुख नरेश खण्डेलवाल ने कहा कि संस्कारशाला प्रतिदिन 2 घंटे चलने वाला नियमित कार्यक्रम है, जिसमें बस्ती के ही 4 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चे को संस्कार के साथ बौद्विक एवं शारीरिक शिक्षा भी दी जाती है। भरतपुर शहर में विहिप की यह 15वीं संस्कारषाला है। कार्यक्रम के अध्यक्ष राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग सेवा प्रमुख डा. अशोक वैद्य एवं मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती के जिला कोषाध्यक्ष मनीष सिंघल ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन शहर सेवा प्रमुख लक्ष्मण प्रसाद शर्मा ने किया। आभार बस्ती प्रमुख कोप सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कोली बस्ती सेवर की महादेव संस्कारषाला की आचार्या नेहा, अहिल्याबाई होल्कर संस्कारषाला की आचार्या उजाला, कन्हैया, गजेन्द्र सिंह, वीरा सिंह, सतपाल, धनीराम, मोलल, जैनव, कमला, सोनम, गायत्री, मीरा, मुस्कान आदि द्वारा भाग लिया।



भरतपुर के सेवर स्थित सिंगीपाड़ा बस्ती में अहिल्याबाई होल्कर संस्कारशाला का उद्घाटन हुआ।

सार-समाचार

## सेवर जेल में चलाया सर्च अभियान



**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर की सेवर जेल में सर्च ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन के दौरान सेवर जेल में पुलिस की टीमों के हाथ कुछ नहीं लगा। कार्रवाई में 4 थाने की टीमें, डीएसटी टीम, 2 जेल पुलिस की टीम, 4 आरपीएस अधिकरी एवम एक आइपीएस अधिकारी मौजूद रहे। जेल में समय-समय और सर्च ऑपरेशन चलाया जाता है। जिससे जेल के अंदर किसी भी गैरकानूनी गतिविधियों को रोका जा सके। सीओ सिटी आइपीएस पंकज यादव ने बताया कि यह सेवर सेंट्रल जेल के अंदर कल सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जिसमें 48 पुलिस के जवान, जेल की टीमें, प्रशासन की संयुक्त टीमें शामिल रहीं। इस दौरान बंदियों के वार्ड नंबर 1 से 9 तक में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। वार्ड नंबर 11 से 18 तक सजा वार्ड और सुरक्षा वार्ड बंदियान लंगर, बंदियान अस्पताल, राशन गोदाम की तलाशी ली गई। संयुक्त तलाशी के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक चीज नहीं मिली। सेवर सेंट्रल जेल में बंद बंदियों द्वारा धमकियों की सूचनाएं मिलती रहती है। कई बार जेल में तलाशी के दौरान बंदियों से मोबाइल भी बरामद किए गए हैं। इसलिए जेल में समय-समय पर तलाशी के लिए अभियान चलाया जाता है। ताकि जेल के अंदर बंदियों द्वारा की गई अनैतिक गतिविधियों को रोका जा सके।

## सूर्या सिटी में परिण्डे लगाए

**भरतपुर, (निस)।** एलीट प्रोफेसर्स फोरम, भरतपुर द्वारा आज सूर्या सिटी में पक्षियों के लिए परिण्डे लगाए गए। इस कार्य में स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और परिण्डों में नियमित रूप से पानी भरने का संकल्प लिया। फोरम पूर्व में भी एम.एस.जे. कॉलेज स्थित शहीद भगत सिंह पार्क, जया पार्क तथा कृष्णा नगर पार्क में परिण्डे लगा चुका है, जिससे गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराया जा सके। फोरम के सदस्यों ने अपने सामाजिक सरोकार के अंतर्गत यह विचार साझा किया कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण के कारण पक्षियों का जीवन संकट में है। भोजन और पानी की उपलब्धता कठिन होती जा रही है, जिससे उनकी जीवनचर्या प्रभावित हो रही है। ऐसे में परिण्डे लगाना एक छोटी सी लेकिन प्रभावी पहल है, जिससे ये बेजुबान जीव भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझा सकें। फोरम की यह सामाजिक गतिविधि आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इस अवसर पर सूर्या सिटी के प्रातःकालीन योग साधकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## प्लॉट विवाद में दम्पति घायल

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** वजीरपुर थाना क्षेत्र के श्यारौली गांव में प्लॉट विवाद में एक दंपती से लाठियों से मारपीट की। घायल दंपती को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महादेव माली अपने प्लॉट पर काम कर रहा था। इसी दौरान गांव के अतर सिंह, शेरसिंह, अभिषेक और राजेश वहां पहुंचे। उन्होंने प्लॉट से रास्ता देने की मांग की। महादेव ने अपने प्लॉट से रास्ता देने से मना कर दिया। इस बात पर चारों आरोपियों ने महादेव और उनकी पत्नी कैलाशी माली पर लाठियों से हमला कर दिया। हमले में दोनों घायल हो गए। शोर सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड जमा हो गई। घायल दंपती को रिश्तेदार गंगापुर सिटी के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज जारी है। पीडित महादेव ने बताया कि जब उनका बेटा आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने गया, तो पुलिस ने उसे भी वहीं रोक लिया।

## बिजली सप्लाई आज बाधित रहेगी

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** मिर्जापुर क्षेत्र में 12 मई को बिजली मरम्मत कार्य किया जाएगा। 33/11 केवी सब स्टेशन मिर्जापुर से निकलने वाले 11 केएम फीडर नंबर ०5 पर यह कार्य होगा। मरम्मत कार्य सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। मिर्जापुर क्षेत्र के कनिष्ठ अभियंता अजय वर्मा ने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत ट्रांसफॉर्मर और केबल की मरम्मत की जाएगी। इस दौरान चूली गेट, तेली मस्जिद, चामूडा देवी मंदिर, मुनिमपाडा और आसपास के इलाकों की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। बिजली निगम ने क्षेत्र के लोगों से सहयोग की अपील की है। मरम्मत कार्य से करीब 600 उपभोक्ता प्रभावित होंगे।

## नगर भ्रमण पर निकलेंगे कल्याण धणी

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** बजाजा ट्रस्ट गंगापुर सिटी के तत्वाधान में पीपल पूर्णिमा के अवसर पर श्री कल्याण जी महाराज का नगर भ्रमण एंव कलश यात्रा सोमवार को शहर में धूमधाम से निकाली जायेगी। मंत्री धर्मदेव आर्य ने बताया कि सोमवार को पीपल पूर्णिमा के अवसर पर भगवान कल्याण जी महाराज नगर भ्रमण करेंगे। इसके साथ ही 251 महिलाऐ मंगल कलश लेकर यात्रा में शामिल होगीं। इस दौरान सभी कपडा व्यापारी सुबह 7 बजे कल्याण जी मंदिर प्रांगण में एकत्रित होगें एवं वहीं सुबह 11 बजे तक अपनी अपनी दुकाने बंद रखेंगे। कलश व रथयात्रा कल्याण जी मंदिर से प्रारम्भ हो कर चौपड बजार, खारी बाजार, देवी स्टोर चौराहा होते हुए पुरानी अनाज मण्डी में परिक्रमा पूरी कर कल्याण जी मंदिर पहुंचेगी।

## मोहनलाल कुनकटा अध्यक्ष निर्वाचित

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** अग्रवाल समाज समिति कार्यकारिणी पदाधिकारीयों के रविवार को अग्रवाल भवन ट्रस्ट में शाम 5 बजे चुनाव संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी हरीचरण रि० प्रिंसिपल ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए घनश्याम दास बजाज एवं मोहनलाल कुनकटा वाले के नाम का प्रस्तावित किया। चुनाव प्रक्रिया में 41 कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया जिसमें मोहनलाल कुनकटा सात मतों से विजय घोषित हुए अन्य पदाधिकारी के चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर मोहनलाल ठेकेदार, महामंत्री सतीश चंद्र महसुआ, मंत्री अशोक मंगल, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद एओ, संगठन मंत्री रवि डीलर, प्रचार मंत्री वासुदेव बंसल, कोठारी पद पर दिनेश चंद सेवा, सांस्कृतिक मंत्री मनीष गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी द्वारा सभी को शपथ ग्रहण करवाई गई। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग प्यारेलाल गर्ग गोपाल लाल सेवा वेद प्रकाश मंगल महेश सर्वेयर बालकृष्ण बंसल राधेश्याम बुक सेलर राजेंद्र एसटीडी रमेश चंद सर मथुरा शिवदयाल गुप्ता अनिल गुप्ता मंगती लाल गोपाल बैराडा कैलाश चंद्र बीएसएनल रमेश मधुबन आदि सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य गण उपस्थित रहे।

## बुजुर्ग महिलाओं का किया सम्मान

**भरतपुर, (निसं)।** मॉम्स वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा मदर डे के उपलक्ष में एक कदम मानवता की ओर प्रोजेक्ट के अंतर्गत आनंदधाम वृद्ध आश्रम में बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान किया गया। फूड पैकेट केले बिस्कुट के पैकेट टोस्ट के पैकेट फल वितरण कार्यक्रम किया गया जिसमें सभी बुजुर्गों का सम्मान भी किया गया रितु अनुराग गर्ग ने बताया कि और बच्चे के रिश्ते की सबसे खास बात है कि ये रिश्ता जन्म से पहले ही बन जाता है और जीवनभर आपके साथ रहता है. मां का रोल हमारे जीवन में बेहद अहम है. कोई भी बच्चा अपने जीवन में पहली सीख मां से ही लेता है। कार्यक्रम में मॉम्स ग्रुप से अंजना जैन मीरा गोयल नेहा अग्रवाल प्रियंका गुप्ता मीनाक्षी कल्पना स्वाति अग्रवाल कार्यक्रम में सेक्रेटरी अंजना जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोटा छाबर पंचायत समिति मासलपुर, जिला करौली**

क्रमांकः-Spl-8 दिनांक: 10.05.2025

**ई-निविदा सूचना 01/2025-26**

ग्राम पंचायत कोटा छाबर पं. स. मासलपुर की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यिक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मो/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/ विपणन एजेन्टो से दिनांक 31.03.2026 तक के लिए दर अनुबन्धी करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबधित विस्तुत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

सरपंच, ग्राम पंचायत कोटा छाबर — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कोटा छाबर